### मैं यह कैसे सुनिश्चित कर सकता हूं कि मैं डॉक्टर की बात समझ रहा हूं?

+ प्रशिक्षित दुभाषिया का उपयोग करें
+ प्रश्न पूछें
+ जो आपने समझा उसे डॉक्टर को दोहराएँ

याद रखें, अपने डॉक्टर को यह बताना ठीक है कि आपको कुछ समझ नहीं आया।

भाषा सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **1-844-692-4692** पर कॉल करें



NYC की देखभाल। बिना किसी अपवाद के। NYC HEALTH+ HOSPITALS

**संपर्क में रहें। हमें फॉलो करें।**

www.nychealthandhospitals.org

NYC HEALTH+ HOSPITALS

# हम आपकी भाषा बोलते हैं

यदि आपकी पसंदीदा भाषा अंग्रेज़ी नहीं है तो सहायता प्राप्त करें



NYC Health + Hospitals में, हम अमेरिकी सांकेतिक भाषा (American Sign Language, ASL) सहित 300 से अधिक भाषाएं बोलते हैं।

अपनी पसंदीदा भाषा बोलने वाले दुभाषिए की मांग करें। एक दुभाषिया आपको और आपके परिवार को सर्वोत्तम देखभाल दिलाने में मदद कर सकता है।



**जब आप NYC Health + Hospitals में आते हैं तो दुभाषिया की सुविधा प्राप्त करना आपका अधिकार है। और यह मुफ़्त है!**

## दुभाषिये का उपयोग करना क्यों महत्वपूर्ण है?

दुभाषिए साथ में रख कर काम करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है:

+ आप अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम के साथ जानकारी साझा कर सकते हैं
+ आपको अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी मिलती है
+ आपके सभी प्रश्नों के उत्तर मिल जाएंगे
+ आपको सर्वोत्तम संभव देखभाल मिलेगी

प्रशिक्षित दुभाषिया का उपयोग करना सर्वोत्तम है। प्रशिक्षित दुभाषिया वह व्यक्ति होता है जो:

+ अंग्रेजी और आपकी पसंदीदा भाषा दोनों में विशेषज्ञ है
+ आपकी संस्कृति के बारे में जानता है
+ आपको और डॉक्टर को एक-दूसरे को समझने में मदद करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है

कुछ लोग डॉक्टर से बात करने के लिए अपने मित्र या परिवार के सदस्य - जिनमें बच्चे भी शामिल हैं - से मदद मांगते हैं। हालाँकि, वे आमतौर पर चिकित्सा दुभाषिया बनने के लिए प्रशिक्षित नहीं होते हैं। हम केवल प्रशिक्षित चिकित्सा दुभाषिया का उपयोग करने की सलाह देते हैं।

## मैं दुभाषिया कैसे प्राप्त कर सकता हूँ?

+ अपने फोन पर ऐप का उपयोग करें या अपने साथ एक कार्ड रखें जिस पर लिखा हो कि आप कौन सी भाषा बोलते हैं और उसे अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम को दिखाएं।
+ स्वास्थ्य सेवा टीम को बताएं कि आपको दुभाषिया चाहिए



जब प्रशिक्षित दुभाषिया का उपयोग नहीं किया जाता है तो गंभीर गलतियाँ होने की संभावना दोगुनी हो जाती है, जिससे मरीज का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

## मैं थोड़ी बहुत अंग्रेजी बोलता-बोलती हूं। क्या मुझे अभी भी दुभाषिया मिल सकता है?

हाँ! भले ही आप थोड़ी बहुत अंग्रेजी बोलते हों, फिर भी आपके लिए अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी अपनी पसंदीदा भाषा में सुनना महत्वपूर्ण है। कभी-कभी चिकित्सा संबंधी शब्दों को अपनी भाषा में समझना आसान होता है।

## हम 3 प्रकार की दुभाषिया सेवा प्रदान करते हैं:

**टेलीफ़ोन**

**वीडियो**

**व्यक्तिगत तौर पर**

इनमें से कुछ विकल्प हर समय उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, लेकिन आप अपनी स्वास्थ्य सेवा टीम को बता सकते हैं कि आपको सबसे अच्छा क्या चाहिए।